प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

30 जून 2023

**भारत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा ऋण पर मूल सांख्यिकीय विवरणी - मार्च 2023**

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर डाटाबेस पोर्टल (डीबीआईई) (वेबलिंक: https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=BsrPublications) पर 'भारत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) द्वारा ऋण पर मूल सांख्यिकीय विवरणी – मार्च 2023'[1] नामक वेब प्रकाशनी जारी की। इस प्रकाशनी में वार्षिक मूल सांख्यिकीय विवरणी (बीएसआर)-1 प्रणाली के अंतर्गत एससीबी {क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) सहित} द्वारा प्रस्तुत डाटा के आधार पर बैंक ऋण की विभिन्न विशेषताओं से संबंधित जानकारी दी गई है, जो उधारकर्ता के खाते का प्रकार, संगठन, पेशा/ गतिविधि और उधारकर्ता की श्रेणी, ऋण उपयोग करने वाले स्थान का जिला और जनसंख्या समूह, ब्याज दर, ऋण सीमा तथा बकाया राशि से संबंधित जानकारी संग्रहित करता है[2]।

**प्रमुख बातें:**

- सभी जनसंख्या समूहों ने पिछले वर्ष की तुलना में 2022-23 में काफी अधिक ऋण संवृद्धि दर्ज की।

- बैंकों की महानगरीय शाखाओं द्वारा ऋण में वार्षिक संवृद्धि 2022-23 में बढ़कर 15.2 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष 9.2 प्रतिशत और 2020-21 में 1.4 प्रतिशत थी; इन तीनों वर्षों में ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी शाखाओं ने दोहरे अंक में संवृद्धि दर्ज की।

- हाल के वर्षों में व्यक्तिगत ऋण तीव्र गति से बढ़ रहे हैं; कुल बैंक ऋण में उनकी हिस्सेदारी पांच वर्ष पहले के 21.3 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2023 में 28.2 प्रतिशत हो गई।

---

1 मार्च 2022 के लिए एससीबी (आरआरबी सहित) द्वारा ऋण पर पिछली वार्षिक बीएसआर-1 श्रृंखला के परिणाम 28 सितंबर 2022 को भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर जारी किए गए थे; एससीबी (आरआरबी के अलावा) के लिए त्रैमासिक बीएसआर-1 के कुल योग दिसंबर 2014 से नियमित रूप से जारी किए जा रहे हैं। सार परिणाम, जो 'एससीबी की जमा और ऋण पर तिमाही सांख्यिकी' पर नियमित डेटा रिलीज {मूल सांख्यिकीय विवरणी (बीएसआर) - 7 रिपोर्टिंग से संकलित) के एक भाग के रूप में प्रसारित किए जा रहे थे, अब बीएसआर-1 (ऋण) और बीएसआर-2 (जमा) रिटर्न से तैयार किए जा रहे हैं; युक्तिकरण के एक भाग के रूप में, दिसंबर 2022 के बाद बीएसआर-7 विवरणी को बंद कर दिया गया है।

2 मार्च 2023 के अंतिम शुक्रवार के पखवाड़े संबंधी फॉर्म- ए विवरणी (भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 42(2) के अंतर्गत संग्रहित) पर आधारित बैंकिंग संकलित राशियाँ पहले ही हमारे वेबसाइट (Path: होम>सांख्यिकी>जारी आंकड़े>पाक्षिक>भारत में अनुसूचित बैंकों की स्थिति का विवरण) पर प्रकाशित की गयी थी।

- 2022-23 के दौरान तेजी के बावजूद, औद्योगिक ऋण संवृद्धि कुल ऋण में संवृद्धि से काफी नीचे रही; मार्च 2023 में कुल बैंक ऋण में उद्योग की हिस्सेदारी पांच वर्ष पहले के 34.7 प्रतिशत से घटकर 25.0 प्रतिशत हो गई।

- 2022-23 के दौरान मौद्रिक सख्ती के उपायों के अनुरूप, 9 प्रतिशत से अधिक ब्याज दर वाले ऋणों की हिस्सेदारी मार्च 2023 में बढ़कर 56.1 प्रतिशत हो गई, जो एक वर्ष पहले 31.4 प्रतिशत थी।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/504**